भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 152
मंगलवार, 2 फरवरी, 2021/13 माघ, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में ग्रामीण सर्किट और आध्यात्मिक सर्किट का विकास

152 श्री सुजीत कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क्या सरकार 'स्वदेश दर्शन योजना' के अंतर्गत ओडिशा में ग्रामीण सर्किट और आध्यात्मिक सर्किट के विकास के लिए निधि संस्वीकृत करने पर विचार करेगी और तत्संबधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत एक सुनियोजित तथा प्राथमिकता प्रदत्त तरीके से देश में थीमैटिक परिपथों का विकास किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु 15 थीमैटिक परिपथ अभिज्ञात किए गए हैं जिनमें ग्रामीण तथा आध्यात्मिक परिपथ शामिल हैं। इस योजना के अंतर्गत परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है हालांकि इस योजना के तहत नई योजनाओं की स्वीकृति वर्तमान में समीक्षाधीन है।

पर्यटन मंत्रालय ने तटवर्ती परिपथ थीम के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में 70.82 करोड़ रुपए की राशि से उड़ीसा राज्य में "गोपालपुर, बड़कुल, सतपदा तथा तमपारा के विकास" की परियोजना को स्वीकृति दी है।

****